हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 279 देहरादून, शुक्रवार, 03 मई 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16



सेना के जवानों ने पैदल मार्ग से बर्फ हटाकर हेमकुंड साहिब तक पैदल आवाजाही की सुचारू 3

# केदारनाथ धाम पहुंची मुख्य सचिव राधा रतूड़ी पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का लिया जायजा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 03 मई : मुख्य सचिव उत्तराखण्ड राधा रतूड़ी ने गुरुवार को श्री केदारनाथ धाम पहुँचकर पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का जायजा लेते हुए समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न निर्माण एवं पुनर्निर्माण कार्यों की रफ्तार बढ़ाते हुए 10 मई को श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले सभी अनिवार्य कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके लिए अतिरिक्त मजदूर एवं संसाधन इस्तेमाल करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।





एक दिवसीय केदारनाथ भ्रमण पर मुख्य सचिव उत्तराखंड, पर्यटन विभाग उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) भास्कर खुल्बे, डीजीपी अभिनव कुमार, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे करीब 07:45 बजे हेलीकॉप्टर से केदारनाथ हेलीपैड पर पहुचें। उन्होंने जिलाधिकारी एवं लोनिवि के अधिकारियों से वर्तमान में गतिमान पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी ली।

जिसके बाद मंदाकिनी- सरस्वती घाट, गेस्ट हाउस, अस्पताल, अस्थापथ, केदारनाथ मंदिर परिसर सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लेते हुए तय डेडलाइन से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अस्थापथ एवं वाटर एटीएम सहित अन्य अनिवार्य कार्यों पर अतिरिक्त लेबर लगाने के निर्देश संबंधित विभागों को देते हुए यात्रा शुरू होने से पहले सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो। इसके साथ ही जिलाधिकारी को अधिक संसाधनों का प्रयोग करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए गोल चबूतरे से मंदिर परिसर तक कॉरिडोर का कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों को निर्माण कार्यों में इस्तेमाल हो रही सामग्री में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखने एवं यात्रा सुगम- सुव्यवस्थित बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने को भी कहा। करीब 10:30 बजे मुख्य सचिव हेलीपैड से बदरीनाथ के लिए रवाना हुई।

इस दौरान मुख्य सचिव, भास्कर खुल्बे, डीजीपी अभिनव कुमार एवं जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने स्थानीय व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी। व्यापारियों से वार्ता करते हुए अधिकारियों ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

डीजीपी अभिनव कुमार ने पुलिस विभाग के लिए केदारनाथ में तैयार हो रहे भवन एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित संस्थाओं को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता आठवां वृत्त लोनिवि टिहरी मुकेश परमार, डीडीएमए विनय झिंक्वाण, सहायक अभियंता लोनिवि राजविंद्र सिंह, मनीष, अजय थपलियाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



# प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए चमोली किया गया मॉक अभ्यास

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। चारधाम यात्रा के दौरान प्राकृतिक आपदा की घटना घटित होने पर त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों को अमल में लाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग एवं उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में बृहस्पतिवार को जनपद चमोली में मॉक अभ्यास किया गया। जिसमें बद्रीनाथ राष्ट्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग अवरूद्व होने, वाहन दुर्घटना, आग लगने की घटना और भगदड़ जैसी स्थिति से निपटने का मॉक अभ्यास किया गया।

जिला आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम से गुरूवार को सुबह 10:07 बजे भारी बारिश के कारण बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग बाजपुर में मलवा आने से सडक़ बाधित होने की सूचना प्रसारित की गई। सूचना मिलने पर रिस्पांसिबल ऑफिसर विवेक प्रकाश और आईआरएस से जुड़े अधिकारी तत्काल कंट्रोल रूम पहुंचे। एनएचआईडीसीएल, जल संस्थान, पूर्ति विभाग, पुलिस, तहसील प्रशासन की टीम को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। ट्रैफिक को नंदप्रयाग-कोठियालसैंण मोटर मार्ग से डायवर्ट करते हुए एनएच खोलने का काम शुरू किया गया। प्रशासन द्वारा यात्रियों को सूक्ष्म जलपान एवं पेयजल की व्यवस्था की गई। करीब 40 मिनट में एनएचआईडीसीएल ने बाजपुर में मलवा हटाकर सडक़ को यातायात के लिए सुचारू किया गया।



दूसरी घटना में सुबह 10.12 बजे गोपेश्वर स्थित प्रसार प्रशिक्षण केंद्र रोली ग्वाड के कार्यालय और हॉस्टल में आग लगने की सूचना प्रसारित की गई तथा भवन में करीब 20 लोगों के फंसे होने की सूचना दी गई। एसडीएम चमोली के नेतृत्व में अग्निशमन, पुलिस, मेडिकल, यूपीसीएल, लोनिवि एवं जल संस्थान विभाग के अधिकारियों टीम संसाधनों के साथ घटना स्थल के लिए रवाना की गई। घटना स्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। प्रसार प्रशिक्षण केंद्र में 04 व्यक्ति थे, जिन्हें सुरक्षित निकाला गया तथा हॉस्टल में घायल दो व्यक्तियों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। दमकल वाहन की मदद से भवन में लगी आग को बुझाया गया।

तीसरी घटना में सुबह 10.27 बजे बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गौचर के समीप चटवापीपल के पास एक मिनी बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना प्रसारित की गई। जिसमें 20-25 लोगों के घायल बताए गए। एसडीएम कर्णप्रयाग के नेतृत्व में एसडीआरएफ, आईटीबीपी, डीडीआरएफ, मेडिकल, एंबुलेंस, पूर्ति विभाग के अधिकारियों की टीम घटना स्थल के लिए रवाना की गई। घटना स्थल पर पहुंचते ही टीम ने रेस्क्यू कार्य शुरू किए। गहरी खाई में गिरे वाहन में 14 लोग सवार दिखाए गए। जिसमें 04 घायलों को पीएचसी गौचर भेजा गया। अन्य यात्रियों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

चौथी घटना में सुबह 10.35 बजे गोविन्द घाट में नदी का जल स्तर बढने की अफवाह से भगदड़ की सूचना प्रसारित की गई। सूचना मिलने पर तहसीलदार जोशीमठ की निगरानी में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, आईटीबीपी, बीआरओ, मेडिकल एवं नगर पंचायत के कार्मिकों की टीम घटना स्थल के लिए रवाना की गई। रेस्क्यू टीम ने भगदड़ में गिरे घायल लोगों का रेस्क्यू शुरू किया। पुलिस द्वारा पीए सिस्टम के माध्यम से शांति बनाए रखने और अफवाह पर ध्यान न देने की सूचना प्रसारित कर भीड़ को भरोसा में लिया। यात्रियों की सुविधा के लिए राहत शिविर, सहायता केंद्र और मेडिकल पोस्ट लगाकर राहत पहुंचाई गई। करीब 15 मिनट में हालात सामान्य हुए। भगदड में 12 घायल लोगों को पीएचसी भेजा गया।

मॉक अभ्यास के बाद रेस्क्यू टीमों के साथ डीब्रीफिंग करते हुए उनके अनुभव लिए गए। आपदा की दृष्टि से संवेदनशील जनपद चमोली के लिए यह मॉक अभ्यास मददगार साबित होगा। मॉक अभ्यास के दौरान रिस्पांस टाइम काफी सही रहा। इस दौरान संसाधनों की मैपिंग करने, रिस्पांस टाइम को कम से कम करने तथा मॉक अभ्यास में परिलक्षित कमियों को दूर करने, रेस्क्यू पर जाने से पहले आवश्यक सुरक्षा उपकरणों को साथ रखने और सूचनाओं का सटीक तरीके से आदान-प्रदान करने पर जोर दिया गया। ताकि भविष्य में वास्तविक आपदा के दौरान रेस्क्यू ऑपरेशन को अधिक प्रभावी ढंग से चलाया जा सके। इस दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किसी भी आपदा से निपटने के लिए हर समय फिजिकली व मेंटली तैयार रहने के लिए प्रेरित किया गया।

मॉक अभ्यास के दौरान जिला आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, एसीएमओ डॉ वीपी सिंह, सेकंड कमांडेंट धमेन्द्र कुमार, डीएसओ जसवंत कंडारी, डीडीएमओ एनके जोशी सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# Google, Apple और Amazon जैसी बड़ी कंपनियों ने निकालें 70000 से अधिक कर्मचारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 मई : महामारी के दौर में कंपनियों ने हजारों कर्मचारियों को निकाला था, मगर ये सिलसिला अभी खत्म नहीं हुआ है। अप्रैल 2024 में दुनिया की कुछ सबसे बड़ी कंपनियों में बड़े पैमाने पर छंटनी की है, जिसमें टेस्ला, गूगल और एप्पल जैसे तकनीकी कंपनियां शामिल है। इन कंपनियों ने हजारों नौकरियों में कटौती की है। इस वित्त वर्ष में अब तक टेक सेक्टर में 70,000 से ज्यादा लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं।




इन कंपनियों ने निकाले सैकड़ों कर्मचारीरिपोर्ट में बताया गया कि Apple ने 614 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया, जो महामारी शुरू होने के बाद से नौकरी में पहली बड़ी कटौती है।जानकारी मिली है कि प्रभावित कर्मचारी एपल के विशेष प्रोजेक्ट ग्रुप का हिस्सा थे, जिनमें से कुछ अब रद्द हो चुकी सेल्फ-ड्राइविंग कार प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे।यह संख्या और भी अधिक हो सकती है, क्योंकि विदेशों में काम करने वाले कुछ कर्मचारियों ने भी अपनी नौकरी खो दी है।वहीं Google ने Python, फ्लटर और डार्ट टीमों में बहुत सारे कर्मचारियों की छंटनी कर दी है।Google के एक प्रवक्ता ने कहा कि नौकरी में कटौती पुनर्गठन का हिस्सा है और कर्मचारियों के पास कंपनी के अन्य ओपन वैकेंसी के लिए आवेदन करने का विकल्प है।

इसके अलावा अमेजन अपने क्लाउड कंप्यूटिंग डिवीजन में सैकड़ों नौकरियों में कटौती कर रहा है, जिससे ब्रिक-एंड-मोर्टार स्टोर्स के लिए सेल ,मार्केटिंग और टेक्नोलॉजी टीमें प्रभावित हो रही हैं।इंटेल ने भी कैलिफोर्निया के सांता क्लारा स्थित अपने मुख्यालय से लगभग 62 कर्मचारियों की छंटनी की है। कंपनी ने क्रिस्टोफ शेल के नेतृत्व में पुनर्गठन के हिस्से के रूप में सेल और मार्केटिंग ग्रुप में छंटनी का एक नया दौर शुरू किया।Google की कई टीमों के कर्मचारी जिनमें इसके रियल एस्टेट और फाइनेंस डिपार्टमेंट भी शामिल हैं, पिछले महीने एक अलग छंटनी से प्रभावित हुए थे क्योंकि इसने अपनी लागत कम कर दी थी।प्रभावित कर्मचारी अन्य आंतरिक भूमिकाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। कुछ भूमिकाएं उन केन्द्रों में चले जाएंगी, जिनमें कंपनी निवेश कर रही है, जिनमें भारत, शिकागो, अटलांटा और डबलिन शामिल हैं।अमेजन वेब सर्विसेज (AWS) ने अप्रैल में बिक्री, मार्केटिंग और तकनीकी भूमिकाओं वाले कर्मचारियों सहित कई सौ नौकरियों में कटौती की।इसके अलावा फंडिंग संकट और निवेशकों के बीच अशांति के कारण एडटेक कंपनी बायजू ने लगभग 500 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया, जो उसके वर्कफोर्स का लगभग 3% है।इसके एलन मस्क की इलेक्ट्रिक विहिकल निर्माता कंपनी भी अछूती नहीं रही है। आपको बता दें कि टेस्ला ने कई डिवीजनों में हजारों कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया।ओला कैब्स अपने लगभग 10% कार्यबल यानी 200 कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। ओला कैब्स के सीईओ हेमंत बख्शी ने पद संभालने के चार महीने बाद ही इस्तीफा दे दिया।इसके अलावा व्हर्लपूल ने अपने लागत-कटौती प्रयासों के तहत वैश्विक स्तर पर लगभग 1,000 वेतनभोगी कर्मचारियों को निकाल दिया।

# पूरे शहर में बांट आया शादी का कार्ड, जिसने भी देखा समझ लिया ATM Card

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 अप्रैल : भारतीय शादियों की तैयारियां इतनी मुश्किल होती हैं कि लोगों को महीनों से उसके इंतेजाम में जुट जाना पड़ता है. पिन से लेकर प्लेन तक, कई ऐसी चीजें होती हैं, जिसकी तैयारी अगर पहले से न की जाए तो आखिरी वक्त में परिवारवालों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है. शादी का कार्ड भी ऐसी ही तैयारी मांगता है. अक्सर लोग शादी के कार्ड को क्रिएटिव बनाने के चक्कर में उसके अजीबोगरीब बदलाव करते है. अब इस कार्ड को ही ले लीजिए, जिसे देखर आपको ये ATM (Wedding Card like ATM) कार्ड लगेगा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अक्सर लोग अजब गजब चीजें शेयर करते हैं. हाल ही में किसी ने अजीबोगीरब शादी के काड्र्स की एक सूचि जारी की. जिसमें से एक ने सभी का ध्यान खींचा. ये शादी का कार्ड एटीएम कार्ड की तरह नजर आ रहा है. निमंत्रण का ये अनोखा तरीका लोगों का ध्यान भले खींच रहा है, पर लोग इसका मजाक भी बना रहे हैं।

वायरल फोटो में आप देख सकते हैं कि एक शादी का कार्ड नजर आ रहा है जो हूबहू एटीएम कार्ड की तरह दिखाई दे रहा है. कार्ड पर जहां कंपनी का नाम लिखा होता है, वहां पर अंग्रेजी में लिखा है 'विवाह'. कार्ड के नंबरों के स्थान पर दिन, महीने, साल और घंटे लिखे हैं. ये शादी 5 नवंबर 2014 को हुई थी और समय दिया है 5 बजे. कार्ड की वैधता वाली जगह पर जीवन भर लिखा है। लड़के का नाम शशि है जबकि लड़की का नाम श्वेता. ऊपर दोनों की तस्वीर भी बनी हुई है और एटीएम कार्ड की तरह चिप भी लगी है।

वायरल फोटो में आप देख सकते हैं कि एक शादी का कार्ड नजर आ रहा है जो हूबहू एटीएम कार्ड की तरह दिखाई दे रहा है. कार्ड पर जहां कंपनी का नाम लिखा होता है, वहां पर अंग्रेजी में लिखा है 'विवाह'. कार्ड के नंबरों के स्थान पर दिन, महीने, साल और घंटे लिखे हैं. ये शादी 5 नवंबर 2014 को हुई थी और समय दिया है 5 बजे. कार्ड की वैधता वाली जगह पर जीवन भर लिखा है. लड़के का नाम शशि है जबकि लड़की का नाम श्वेता. ऊपर दोनों की तस्वीर भी बनी हुई है और एटीएम कार्ड की तरह चिप भी लगी है।




# भारत में यहां एक दिन में इतने रुपये का ही पेट्रोल-डीजल खरीद सकेंगे लोग




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 मई : त्रिपुरा सरकार ने राज्य में मालगाड़ियों का आवागमन बाधित होने की वजह से ईंधन के भंडार में आई कमी के मद्देनजर बुधवार को पेट्रोल और डीजल बेचने-खरीदने की सीमा निर्धारित की है। दो पहिया वाहन प्रतिदिन 200 रुपये और चार पहिया वाहन 500 रुपये तक का पेट्रोल ही खरीद सकेंगे। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जारी आदेश में पेट्रोल पंपों से कहा गया है कि वे एक दिन में एक बस को केवल 60 लीटर डीजल ही बेचें जबकि मिनी बस और आटो रिक्शा-तिपहिया वाहनों के लिए यह सीमा क्रमश : 40 और 15 लीटर होगी।बता दें कि असम के जतिंगा में बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन के कारण त्रिपुरा आने वाली मालगाड़ियां बाधित हो गई हैं। मरम्मत कार्य के बाद 26 अप्रैल को यात्री ट्रेन सेवा तो बहाल कर दी गई थी लेकिन जतिंगा के रास्ते ट्रेन सेवा रात को अब भी स्थगित है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अतिरिक्त सचिव निर्मल अधिकारी ने कहा कि राज्य में आने वाली मालगाड़ियों की आवाजाही बाधित होने के कारण पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति में कमी हुई है और इसलिए ईंधन - पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर एक मई से अगले आदेश तक कुछ पाबंदी लगाने का फैसला किया गया है।

# सिंगल रहना Vs शादी करना कौन रहता है ज्यादा सुखी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 मई : इस दुनिया में बहुत से ऐसे लोग हैं जो अपने सिंगल होने से दुखी हैं। उन्हें इस बात की शिकायत रहती है कि उन्हें कोई पार्टनर नहीं मिल रहा। लेकिन जनाब आप उन लोगों का हाल जान लें जो किसी तरह की रिलेशनशिप में हैं। चाहे आप शादी कर लो या गर्लफ्रेंड बॉयफ्रेंड बना लो, झंझट दोनों में ही है। दूसरी ओर यदि आप सिंगल हो तो फायदे में हो। यदि आपको हमारी बातों पर यकीन नहीं तो अभी हम आपको गलत साबित कर देते हैं। आज हम आपको सिंगल होने के ऐसे-ऐसे फायदे बताएंगे कि जो लोग पहले से मिंगल हैं, वह भी सिंगल बनने पर विचार करने लगेंगे।



1. सिंगल रहने पर आपके पास बहुत समय होता है। रिलेशनशिप वालों की आधी जिंदगी अपने पार्टनर की जरूरतें पूरी करने में ही बीत जाती है। वहीं सिंगल लोग खाली समय होने पर अपने शौक पूरे कर सकते हैं। इतना ही नहीं आप इस समय का इस्तेमाल अपने करियर पर फोकस करने में कर सकते हैं। अक्सर देखा जाता है कि सिंगल लोग ज्यादा तेजी से तरक्की करते हैं।

2. सिंगल रहने का दूसरा सबसे बड़ा फायदा है आपका खर्चा बहुत कम होता है। कोई महंगे बर्थडे गिफ्ट नहीं देने पड़ते। कहीं बाहर महंगी जागह खाना खाने या फिल्म देखने नहीं जाना पड़ता। एक तरह से आपकी अच्छी खासी सेविंग हो जाती है। यह बचत के पैसे आपके फ्यूचर में बहुत काम आते हैं। आप आर्थिक रूप से स्ट्रांग रहते हैं।

3. सिंगल लोगों को लगता है कि पार्टनर मिलने के बाद वह ज्यादा खुश रहेंगे। जबकि ऐसा नहीं है। बल्कि रिलेशन में आने के बाद आप और भी तनाव में रहने लगेंगे। फिर आपको पार्टनर की हर छोटी मोटी बातों का बुरा लगने लगेगा। वहीं आपके ऊपर मेंटल प्रेशर भी बढ़ जाएगा। रिलेशन में आने के बाद की खुशी बस कुछ दिनों की होती है। बाद में दुख और तनाव आपको घेर लेते हैं। वहीं सिंगल लोग अपनी मर्जी के मालिक होते हैं। इसलिए वह कम तनाव में रहते हैं।

4. सिंगल लोग ज्यादा सेहतमंद भी रहते हैं। तनाव कम होने से वह अच्छी नींद भी लेते हैं। घंटों फोन में देर रात लगे नहीं रहते हैं। उनकी भाग दौड़ भी कम रहती है। वह अपने खान-पान पर भी अधिक ध्यान दे पाते हैं। अधिकतर घर का खाते हैं। बाहर का कम खाते हैं। ये सभी चीजें आपकी ओवरऑल हेल्थ पर पॉजिटिव असर डालती है।

# सेना के जवानों ने पैदल मार्ग से बर्फ हटाकर हेमकुंड साहिब तक पैदल आवाजाही की सुचारू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। हेमकुंड यात्रा की तैयारियों को लेकर गुरुवार को भारतीय सेना की 418 इंडिपेंडेंट इंजीनियरिंग कोर ने हेमकुंड गुरुद्वारे तक पैदल आवाजाही सुचारु कर दी है। इसके साथ ही सेना के जवानों ने यात्रा मार्ग के खतरनाक बने हिस्सों का सुधारीकरण और घोड़े-खच्चरों के मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य शुरु किया जाएगा। बद्रीनाथ धाम के साथ ही हेमकुंड साहिब की यात्रा तैयारियां जोरों पर है।



यात्रा तैयारियों को लेकर हेमकुंड साहिब के यात्रा मार्ग से बर्फ हटाकर भारतीय सेना के 35 जवान और 15 सेवादार गुरुवार को हेमकुंड साहिब पहुंच गए हैं। जहां सेना के जवानों और सेवादारों ने अरदास कर गुरुद्वारा प्रांगण के द्वार खोल दिए हैं। हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के कपाट आगामी 25 मई को ग्रीष्मकाल के लिए खोले जाएंगे। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि यात्रा मार्ग का सीढियों वाला हिस्सा खतरनाक बना हुआ है। जिसे अब सेना के जवानों की ओर से दुरुस्त करने का कार्य शुरु कर दिया गया है। साथ ही यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों की आवाजाही के मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग के सुधारीकरण में जुटे जवानों ने आगामी 20 मई तक यात्रा मार्ग को चाक-चौबंद करने की बात कही है।

# उधमसिंह नगर : पीलीभीत में बारातियों की गाड़ी पलटी, तीन महिलाओं की मौके पर मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उधमसिंह नगर 03 मई : बारातियों से भरी एक कार देर रात स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पहले पेड़ से टकराई और फिर पलट गई। बीती रात पीलीभीत में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। शक्तिफार्म से बरातियों को लेकर जा रही कार ने पूरनपुर पीलीभीत स्थित हरिपुर के जंगल में अनियंत्रित होकर पलटने से तीन महिलाओं की मौत हो गई। साथ ही चालक सहित सात लोग घायल हो गए। स्थानीय प्रशासन और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि स्कूटी को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पलट गई थी।





जानकारी के मुताबिक उत्तराखंड के शक्ति फार्म के निवासियों में से 10 लोग इनोवा कार में सवार होकर बीती रात को चंदिया हजारा इलाके में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आए थे। जब कार सवार लोग पूरनपुर थाना क्षेत्र के धनारा घाट रोड पर पहुंचे, तो एक स्कूटी को बचाने के चक्कर में चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे के दौरान कार में सवार महिला रेणुका राम कंचन और विशाखा की मौत हो गई और 7 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया और महिलाओं के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# उत्तराखंड बोर्ड : पढ़ाई के साथ बकरी चराई, हल लगाया, फिर भी पहाड़ी लड़के का नाम टॉप 25 में आया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली 03 मई : जिले के सबसे दूरस्थ गाँव ईराणी के छात्र प्रवेंद्र ने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ बकरियों का पालन, खेती का काम भी किया और परीक्षा के परिणाम के बाद प्रवेंद्र प्रदेश की टॉप 25 सूची में 19वें स्थान पर आए। एक ओर जहां उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों के लोग अच्छी शिक्षा व्यवस्था की कमी को देखते हुए शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं, वहीं कुछ बच्चे पहाड़ों में रहकर भी घर के कामकाज के साथ पढ़ाई में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसा ही कुछ कमाल जनपद चमोली के दूरस्थ छात्र ने किया है, ईराणी गांव के प्रवेंद्र सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज पाणा-ईराणी से 12वीं की परीक्षा दी और प्रवेंद्र ने 500 में से 464 अंक हासिल करके 92.80 प्रतिशत के साथ 19वीं रैंक हासिल की है।जनपद चमोली के सबसे दूरस्थ क्षेत्र में ईराणी गांव पड़ता है, यहां जाने लिए आज भी करीब 10 किमी की चढ़ाई चढ़नी पड़ती है।



प्रवेंद्र का गांव इतना दूरस्थ है कि परीक्षा परिणाम आने के काफी देर तक भी उन्हें अपने रिजल्ट के बारे में पता नहीं चला। जब उन्हें अपने नाम मेरिट लिस्ट में होने की जानकारी मिली तब भी वो खेत में गुड़ाई का काम कर रहे थे। प्रवेंद्र के पिता देवेंद्र सिंह बकरी पालन का काम करते हैं जबकि मां हेमा गृहणी हैं।उनकी माँ ने बताया कि वह अक्सर बीमारी रहती है। ऐसे में पढ़ाई के साथ प्रवेंद्र ने घर के काम में हाथ बंटाया, बकरी चराई और खेती भी की। भले ही पहाड़ी क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को बहुत सारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है लेकिन फिर भी वह अपने मुकाम को हासिल करने लिए सदैव तत्पर हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एचएसएसटी जौलीग्रांट की टेक क्विज प्रतियोगिता में हिमांशु प्रथम

ऋषिकेश। हिमालयन स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एचएसएसटी) जौलीग्रांट में टेक क्विज़ का अयोजन गुरुवार को किया गया। इसमें हिमांशु चमोली ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्वामीराम हिमालयन विश्वविद्यालय (एसआरएचयू) जौलीग्रांट के एचएसएसटी सभागार में आयोजित टेक क्विज में बीएससी आर्नस डेटा साइंस, बीटेक कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग और बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन के 118 प्रतिभागी शामिल हुए। टेक क्विज़ को सी प्रोग्रामिंग से संबंधित प्रतिभागियों की समझ और समस्या-समाधान, क्षमताओं को चुनौती देने के आधार पर तैयार किया गया था। इसमें हिमांशु चमोली ने प्रथम, विभोर सिंह बिष्ट ने द्वितीय और विशाल कुमार सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रिंसिपल डॉ. प्रमोद कुमार ने पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि सी प्रोग्रामिंग एक शक्तिशाली भाषा है। इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से ऑपरेटिंग सिस्टम को कोड करने के लिए किया जाता है। डॉ.प्रमोद कुमार ने बताया कि शैक्षणिक उत्कृष्टता और उपलब्धि की संस्कृति को बढ़ावा देना इस प्रतियोगिता का उद्देश्य है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को तकनीक के क्षेत्र में आए दिन हो रहे परिवर्तन के प्रति अपने आप को अपडेट रखने की बात कही। इस अवसर पर कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. विनय अवस्थी, समन्वयक डॉ. विभोर शर्मा, अकादमिक समन्वयक, डॉ. आशीष पसबोला सहित सभी फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।

### जगन ने गणित में हासिल किए 100 में से 100 नंबर

बागेश्वर। प्रतिभा को मंजिल पाने से कोई भी नहीं रोक सकता है। यह उदाहरण पेश किया है कपकोट तहसील के जगनाथ गांव निवास जगन सिंह ने। उसने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में गणित विषय में 100 में से 100 अंक हासिल किए। है। 92.8 प्रतिशत अंक लाकर उसने अपना विद्यालय टॉप किया है। अपनी मेहनत और लगन से उसने यह मुकाम पाया है। जगनाथा निवासी जगन सिंह के पिता चंदन सिंह गांव में मिस्त्री का काम कर अपने परिवार को पालन पोषण करते हैं। उसकी मां गृहिणी है। जगन गांव के ही स्कूल में हाईस्कूल की शिक्षा ली। घर में माता-पिता का हाथ बंटाने के साथ ही वह पढ़ाई भी करता है। इस बार हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में उसने चौकाने वाला परिणाम दिया है। गणित विषय में उसे 100 में से 100 अंक मिले हैं, जबकि हिंदी, संस्कृत में क्रमशः 96 व 92 अंक मिले हैं। अंग्रेजी में 76 व सामाजिक विज्ञान में 86 अंक हैं। खेती किसानी के साथ पढ़ाई करने वाले छात्र ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त स्कूल टॉप किया है। इसके साथ ही क्षेत्र का नाम भी रोान किया है। गांव के युवक के इस तरह के परीक्षा परिणाम से लोग खुश हैं। लोगों का कहना है कि पढने वाले कहीं भी पढ़ लेते हैं। इसका उदाहरण जगन ने दिया है। उसकी इस उपलब्धि पर जगथाना निवासी गंगा सिंह बसेड़ा, हीरा सिंह, जीवन दानू, दयाल दानू, रतन दानू, सहित सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### दो दिवसीय सोपन शिविर संपन्न

बागेश्वर। सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में रोवर -रेंजर का दो दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण एवं प्रथम-द्वितीय सोपान शिविर प्रमाण पत्र वितरण के साथ संपन्न हो गया है। शिविर का समापन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो प्रेमलता कुमारी ने किया। उन्होंने रोवर -रेंजर के उद्देश्यों,नियमों, प्रतिज्ञा एवं बी.पी.6 एवं अनुशासन की महत्ता पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम की संयोजक डॉ लता आर्य ने रोवर-रेंजर के प्रशिक्षण बिन्दुओं , उद्देश्य पर वृहद चर्चा एवं चरणबद्ध तरीके से निपुणता पर चर्चा की। सह संयोजक शेर राम टम्टा ने कहा कि रोवर -रेंजर को प्रत्येक जगह अनुशासन का परिचय देना चाहिए। प्रशिक्षक प्रदीप कुमार एवं मुकेश कुमार ने ध्वज निर्माण, ड्रेस निर्माण, टोली का निर्माण, डायरी निर्माण, यात्रा विवरण, नियम एवं उत्तरदायित्व बी.पी .सिक्स व्यायाम, प्राथमिक उपचार एवं स्ट्रेचर निर्माण, स्कार्फ एवं बेल्ट से स्ट्रेचर निर्माण विभिन्न प्रकार की गांठों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्रो. अंजली पुनेरा, डॉ शिवप्रकाश राय, डॉ अवधेश तिवारी, डॉ करुणा मिश्रा, डॉ वीरेंद्र सिंह, चेतन चंद्र जोशी, ताजवर सिंह रावत, शुभम चौधरी, सुरेश कुमार, गोपाल गिरी आदि मौजूद थे।

### जिला अस्पताल के मैट्रन का अनुबंध नवीनीकरण की प्रक्रिया रुका

बागेश्वर। जिला अस्पताल बागेश्वर में तैनात मैट्रन रविंद्र अवस्थी का अनुबंध नवीनीकरण पर रोक लग गई है। प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ बागेश्वर इकाई ने अस्पताल की अन्य सेवाओ में उनके दखल दिए जाने जाने पर नाराजगी जताई थी। सीएमएस को दी गई शिकायत में इस आपत्ति को भी दर्ज किया गया था। तब से मामले की जांच चल रही है। मुख्य विकास अधिकारी और जांच अधिकारी आरसी तिवारी ने अंतिम चरण की जांच शुरू की है।

### खेत में काम कर रही महिला पर सुअर ने किया हमला

बागेश्वर। कोतवाली क्षेत्र स्थित डूंगर गांव में गुरुवार को जंगली सुअरों के झुंड ने खेत में काम कर रही हेमा देवी पर हमला कर दिया। हमले के दौरान महिला खेत से नीचे गिर गई। जिससे उनको गंभीर चोट आ गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को सडक़ तक लाया गया जहा से 108 की मदद से महिला को जिला अस्पताल लाया गया है। जहां महिला का इलाज चल रहा है। डॉ. कनुप्रिया ने बताया कि महिला के पैर में गंभीर चोट लगी है। इससे काफी खून भी बहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की।

### डायट में सडक़ सुरक्षा के तहत कार्यशाला समाप्त

चम्पावत। डायट लोहाघाट में तीन दिवसीय सडक़ सुरक्षा के तहत गुरुवार को कार्यशाला का समापन हो गया। कार्यशाला में जिले के 42 प्राथमिक और जूनियर के शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे। यहां उन्हें सडक़ सुरक्षा से संबंधित तमाम जानकारियां दी।कार्यशाला का समापन प्रभारी प्राचार्य दिनेश खेतवाल ने किया। कार्यशाला समन्वयक मनोज भाकुनी के संचालन में यातायात उपनिरीक्षक ज्योति प्रकाश ने प्रतिभागियों को सडक़ सुरक्षा से संबंधित जानकारी, बचाव के तरीके बताए। संयुक्त निदेशक एससीआरटी कंचन देवराड़ी ने भी सडक़ सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। यहां सह समन्यक अखिलेश श्रीवास्तव, एमटी संजय कुमार, डॉ. अवनीश कुमार शर्मा, डॉ. पारुल शर्मा, डॉ. आशुतोष वर्मा, डॉ. अनिल कुमार मिश्र, डॉ. अरुण कुमार तलनियां, डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव, नवीन ओली, दीपक सौराड़ी, नवीन उपाध्याय आदि रहे।

### बस्तियां गांव में सिंचाई नलकूप खराब होने से बढ़ी परेशानी

चम्पावत। टनकपुर। टनकपुर के बस्तियां गांव में सिंचाई नलकूप खराब होने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान ने इस संबंध में तहसील के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजा है। गुरुवार को बस्तियां ग्राम प्रधान कविता धोनी ने तहसील में ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि गांव में लगाए गया एकमात्र नलकूप बुधवार से खराब पड़ा है। इस संबंध में संबंधित विभाग को सूचना दे दी गई है। लेकिन विभाग की तरफ से अभी तक नलकूप को सही नहीं किया गया है। बताया कि गांव में सिंचाई और पीने के पानी का एकमात्र सहारा नलकूप ही है। अत्यधिक गर्मी के कारण गांव में जल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने नलकूप को ठीक किए जाने तक पेयजल संकट को देखते हुए चार टैंकर पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है। ?

# पौड़ी : नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ पौड़ी पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्यवाही



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह के कड़े निर्देशों का दिखा असर, अभियान के पहले दिन ही 22 नाबालिग वाहन चालकों के वाहन किये सीज, लगाया 25-25 हजार रुपये का जुर्माना।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह के द्वारा जनपद में नाबालिगों के वाहन चलाने से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने से 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है अभियान चलाने से पूर्व लगातार अभी तक पौड़ी पुलिस द्वारा जनपद में नाबालिगों को वाहन न देने और ना ही वाहन चलाने हेतु प्रेरित करने के सम्बन्ध में अभिभावकों एवं स्कूल प्रबंधन की मीटिंग लेने के साथ-साथ जागरूक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त यातायात नियमों का पालन न करने पर नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर




उनके अभिभावकों एवं वाहन स्वामियों विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु विस्तृत निर्देश निर्गत किये गये हैं।


निर्गत निर्देशों के क्रम में अभियान के पहले दिन कोतवाली कोटद्वार ने 13, थाना लक्ष्मणझूला ने 05, कोतवाली पौड़ी ने 01, यातायात कोटद्वार ने 02 एवं यातायात श्रीनगर ने 01 (कुल 22) नाबालिग वाहन चालकों को वाहन चलाते हुए पकड़े जाने पर उनके वाहनों को सीज कर अभिभावकों/वाहन स्वामी के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 25-25 हजार रुपये का चालान काटकर माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया। नाबालिग वाहन चालकों के विरूद्ध अभियान लगातार जारी है।

## मोबाइल पर दिखेगा कॉल करने वाला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 मई : जल्द ही आपको यह पता चल जाएगा कि किसी अनजान नंबर से आपको कौन कॉल कर रहा है. दूरसंचार नियामक ट्राई ने मोबाइल पर कॉल करने वाले शख्स का नाम फोन स्क्रीन पर दर्शाने वाली सेवा शुरू करने की सिफारिश की है. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) ने शुक्रवार को अपनी सिफारिश में कहा कि 'कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन' (CNAP) अनुपूरक सेवा के तहत मोबाइल फोन की स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम प्रदर्शित करने की व्यवस्था शुरू की जाए. हालांकि यह सुविधा ग्राहक के अनुरोध पर ही सभी दूरसंचार कंपनियां मुहैया कराएंगी।

इस सुविधा के शुरू होने पर अक्सर आने वाली अनचाही कॉल से छुटकारा पाने में काफी मदद मिलेगी. CNAP सुविधा चालू होने पर ग्राहक अपने फोन की स्क्रीन पर कॉलर का नाम देख पाएगा. TRAI ने कहा कि सरकार को एक तय तारीख के बाद भारत में बेचे जाने वाले सभी फोन में CNAP सुविधा उपलब्ध कराने के लिए




दूरसंचार कंपनियों को उपयुक्त निर्देश जारी करना चाहिए।

मोबाइल फोन कनेक्शन लेते समय भरे जाने वाले ग्राहक आवेदन पत्र (CAF) में दिए गए नाम एवं पहचान विवरण का इस्तेमाल सीएनएपी सेवा के दौरान किया जा सकता है. जहां देशी स्मार्टफोन टूल और ट्रूकॉलर एवं भारत कॉलर जैसे ऐप भी कॉल करने वाले के नाम की पहचान और स्पैम पहचान की सुविधाएं देते हैं. लेकिन ये सेवाएं लोगों से जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित हैं जो हमेशा विश्वसनीय नहीं होती हैं.दूरसंचार नियामक ने सुझाव दिया कि सभी एक्सेस सेवा प्रदाता अपने टेलीफोन ग्राहकों को उनके अनुरोध पर सीएनएपी सेवा मुहैया कराएं.

## पहले शादी कराओ, फिर पढ़ लूंगा, बच्चे की अनोखी जिद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 मई : भारत में बाल विवाह के खिलाफ ठोस कानून बनाया गया, दुनिया के कई देश बाल विवाह के खिलाफ कानून बनाकर इसका कड़ाई से पालन करवा रहे हैं लेकिन पाकिस्तान में 13 साल के एक लड़के की शादी की खूब चर्चा हो रही है। इस लड़के ने शादी के लिए जिद की थी और उसके जिद के सामने मां-बाप पिघल गए और शादी करवा दी। मिली जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान में पाकिस्तान के कानून के मुताबिक शादी के लिए लड़कों की उम्र 18 साल और लड़कियों की 16 साल अनिवार्य है। कहा जाता है कि पाकिस्तान में बाल विवाद बड़े पैमाने पर होता है लेकिन 13 साल के एक लड़की शादी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है।

दरअसल पाकिस्तान में एक 13 साल के लड़के की 12 साल की लड़की से शादी हुई है, इस शादी के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। लड़के ने अपने मां बाप को चेतावनी दी थी कि वह पढ़ाई तभी करेगा जब उसकी शादी करा दी जाएगी। लड़का और लड़की के मां-बाप शादी के



हामी कर दी। 12 साल की लड़की का मां की शादी 16 साल के उम्र में हुई थी और लड़के के मां की शादी 25 साल में हुई थी लेकिन दोनों ने इस बाल विवाह का समर्थन किया और खुशी शादी करवाई है।

अब सोशल मीडिया पर लोग इस शादी को लेकर आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। एक ने लिखा कि इस देश के बच्चों को क्या हो गया, शादी करने के लिए पढ़ाई छोड़ रहे हैं। एक अन्य ने लिखा कि जिंदगी तो ये जी रहा है बाकी हम तो गुजार रहे हैं। एक अन्य ने लिखा कि अब शादी कर लिया और ब्लॉगिंग करेगा। एक ने लिखा कि पता नहीं क्यों दूल्हा थोड़ा नाराज है दुल्हन कुछ ज्यादा ही खुश दिखाई दे रही है। एक ने लिखा कि जब पाकिस्तान के कानून के मुताबिक बिना बालिग हुए शादी नहीं हो सकती तो मां-बाप क्यों कर रहे हैं? एक अन्य ने लिखा कि ये शादी नहीं इंगेजमेंट है भाई! शादी तो गैरकानूनी है। एक अन्य ने लिखा कि ये ये ब्लॉगिंग करने लगे तो समझ लेना सब कुछ पहले से प्लान किया गया था।

## ई केवाईसी कैंप लगाने की मांग पर बाराकोट में प्रदर्शन किया

चम्पावत। बाराकोट के बापरु में लोगों ने रसोई गैस सिलेंडर के लिए जरुरी ई केवाईसी के लिए गांव में कैम्प लगाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने गैस एजेंसी के खिलाफ प्रदर्शन किया। गुरुवार को तल्ला बापरु में पूर्व प्रधान कृष्ण सिंह बिष्ट के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तल्ला बापरु में रसोई गैस सिलेंडर के लिए ई केवाईसी कैंप गांव में लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि गैस एजेंसी का मुख्य कार्यालय लोहाघाट में होने के कारण उनको ई केवाइसी करवाने के लिए लोहाघाट जाना पड़ रहा है। जिससे उनका समय और पैसा भी खर्च हो रहा है। लोगों ने कहा कि लोहाघाट जाकर भी लंबी लाइन में खड रहना पड़ रहा है। लोगों ने गांव में ही कैंप लगाकर समस्या के समाधान की मांग उठाई। बाराकोट में विधायक प्रतिनिधि होशियार सिंह बोहरा ने सरकार और डीएम से न्याय पंचायत स्तर कैंप लगाकर लोगों को सुविधा देने की मांग उठाई। इस मौके पर नारायण दत्त, कृष्ण सिंह, दीपक सिंह, दान सिंह, भुवन चन्द्र, गिरीश चन्द्र, रमेश चन्द्र, हरीश चन्द्र, ईश्वरी देवी, कलावती देवी, हयात राम, विमला देवी, प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

## पहचान छिपाकर होटल चलाने वालों पर हो कार्रवाई

चम्पावत। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने पहचान छिपाकर होटल चलाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में तहसीलदार के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजा है। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के महामंत्री नरेश कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में सदस्यों ने तहसीलदार जगदीश गिरी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बीते कुछ माह से कई लोग पहचान छिपाकर होटल चला रहे हैं। जिससे लोगों की आस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने मामले में संज्ञान लेते हुए छापेमारी कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। यहां अमित, बाबू राम, सर्वेश कुमार, अमन पाल, बब्लू गुप्ता, राजेंद्र कुमार आदि रहे।

## काशीपुर में तलीझाड़ सफाई का मेगा अभियान शुरु

काशीपुर। आने वाले मानसून के तहत काशीपुर नगर निगम में नाले-नालियों का सफाई काम शुरू हो गया है। गुरुवार को लक्ष्मीपुर माइनर के अलावा साकेतनगर व कचनालगाजी में जेसीबी मशीन की मदद से सफाई अभियान चलाया गया। निगम आयुक्त विवेक राय ने बताया कि उप आयुक्त रोहताश शर्मा, विनोद लाल शाह, एसएनए सरिता राणा व नगर स्वास्थ्य अधिकारी अमरजीत साहनी के नेतृत्व में टीम ने दो जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली व जरूरी उपकरणों के साथ तलीझाड़ सफाई अभियान चलाया। लक्ष्मीपुर माइनर, साकेतनगर व कचनालगाजी में जेसीबी व नाला गैंग की मदद से सफाई की। नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि सफाई को लेकर निगम में एक आकस्मिक डेस्क बनाई गई है, वहां मिलने वाली सूचनाओं के आधार पर सफाई होगी। बताया कि तय रोस्टर के अनुसार मानसून रहने तक विशेष अभियान चलेगा।

## इस माह काशीपुर को झेलनी होगी रोजाना आठ घंटे कटौती

काशीपुर। निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए 16 किमी लंबी बिजली लाइन को पैंथर कंडक्टर में परिवर्तित करने का काम अंतिम चरण में है। इसको पूरा करने के लिए 08 से 29 मई के बीच दस दिनों के लिए शट डाउन मांगा गया है। इन दिनों सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत कटौती होगी। काशीपुर के पक्काकोट स्थित सब स्टेशन को जोडऩे के लिए 16 किमी की पैंथर लाइन खींची जा रही है। इसके पूरा होने पर पक्काकोट पॉवर स्टेशन से गौतमनगर, कविनगर, काजीबाग, लक्ष्मीपुर पट्टी, सिंघान, डाक्टर लाइन, किला, अल्ली खां, मुंशीराम चौराहा, खालसा, कटोराताल समेत हर एक तिहाई शहर को निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सकेगी। इससे 30 हजार उपभोक्ता लाभांवित होंगे। लाइन का 90 फीसद काम पूरा हो चुका है। मुख्य कार्य लाइन को गढ़ी हुसैन बिजली घर से जोडऩे के सेक्शन के अलावा बीच में दो-तीन और स्पानों का काम बाकी है। इसके लिए 08 से 29 मई की अवधि में दस दिनों के लिए शट डाउन मांगा गया है। ऊर्जा निगम की एसडीओ महक मिश्रा ने बताया कि 33 केवी लाइन के तार बदलने के लिए 08, 10, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27 व 29 मई को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत कटौती की जाएगी।

# पत्नी के नाम पर खरीदते हैं संपत्ति तो जान लें नियम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 मई : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने संपत्ति के एक विवाद पर अपना फैसला सुनाया है. मामला था कि अगर कोई घर की गृहणी या पत्नी के नाम पर संपति खरीदता है तो उस पर किसका अधिकार रहेगा. संपत्ति की मालकिन सिर्फ वह महिला होगी या उसपर परिजनों का अधिकार होगा. हाई कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि एक व्यक्ति द्वारा अपनी गृहिणी पत्नी के नाम पर खरीदी गई संपत्ति, पारिवारिक संपत्ति है क्योंकि उसके पास आय का कोई स्वतंत्र स्रोत नहीं है। न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने उक्त व्यवस्था देते हुए कहा कि हिंदू पतियों के लिए अपनी पत्नियों के नाम पर संपत्ति खरीदना आम बात है. दिवंगत पिता की संपत्ति में सह-स्वामित्व के पुत्र के दावे को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा, 'अदालत भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 114 के तहत यह मान सकती है कि हिंदू पति द्वारा अपनी गृहिणी पत्नी के नाम खरीदी गई संपत्ति, परिवार की संपत्ति होगी, क्योंकि सामान्य स्थिति में पति अपने परिवार के हित में घर संभालने वाली पत्नी के नाम पर संपत्ति खरीदता है, जिसके पास आय का कोई स्वतंत्र स्रोत नहीं होता है.'




अदालत ने कहा कि जब तक यह सिद्ध ना हो जाए कि अमुक संपत्ति पत्नी की आय से खरीदी गई है, तबतक वह संपत्ति पति की आय से खरीदी मानी जाती है. अपीलकर्ता सौरभ गुप्ता ने मांग की थी कि उसे अपने पिता द्वारा खरीदी गई संपत्ति के एक चौथाई भाग का सह स्वामी का दर्जा दिया जाए. उसकी दलील थी कि 'चूंकि संपत्ति उसके दिवंगत पिता द्वारा खरीदी गई थी, वह अपनी मां के साथ उसमें सह हिस्सेदार है.' सौरभ गुप्ता की मां इस वाद में प्रतिवादी हैं. सौरभ गुप्ता ने संपत्ति किसी तीसरे पक्ष को हस्तांतरित करने के खिलाफ रोक लगाने की मांग करते हुए एक अर्जी दाखिल की थी. सौरभ की मां ने एक लिखित बयान में कहा कि वह संपत्ति उसके पति द्वारा उसे उपहार में दी गई थी, क्योंकि उसके पास आय का कोई स्रोत नहीं था.

अंतरिम रोक की मांग वाला आवेदन निचली अदालत द्वारा खारिज कर दिया गया था, जिसके खिलाफ सौरभ गुप्ता ने हाई कोर्ट में अपील दाखिल की.अपीलकर्ता की अपील स्वीकार करते हुए अदालत ने 15 फरवरी को दिए अपने निर्णय में कहा कि एक हिंदू पति द्वारा अपनी गृहिणी पत्नी के नाम पर खरीदी गई संपत्ति, पति की व्यक्तिगत आय से खरीदी गई संपत्ति मानी जाती है, क्योंकि पत्नी के पास आय का कोई स्वतंत्र स्रोत नहीं होता है. अदालत ने कहा कि ऐसी संपत्ति प्रथम दृष्टया एक संयुक्त हिंदू परिवार की संपत्ति बन जाती है. अदालत ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में यह आवश्यक हो जाता है कि उस संपत्ति की तीसरे पक्ष के सृजन से रक्षा की जाए.

# ब्रेड के शौकीन हैं तो हो जाएं अलर्ट, हो सकता है कैंसर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 मई : Colorectal Cancer Risk ज्यादातर लोग सुबह के नाश्ते में ब्रेड खाना पसंद करते हैं. अगर आप भी ब्रेड खाने के शौकीन हैं, तो बता दें कि एक रिसर्च के अनुसार ब्रेड खाने से कोलोरेक्टल कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है. इतना ही नहीं शोध में ये भी साबित हुआ है कि अल्कोहल का सेवन भी कोलोरेक्टल कैंसर (Colorectal Cancer) के खतरे को काफी हद तक बढ़ा सकता है। वेब एमडी के अनुसार 'जर्नल ऑफ न्यूट्रिएंट्स' में प्रकाशित एक रिसर्च कहती है कि सफेद ब्रेड और शराब का सेवन करने से कोलोरेक्टल कैंसर होने का रिस्क काफी बढ़ जाता है. बता दें कि कोलोरेक्टल कैंसर आंत के सबसे अंतिम सिरा और गुदाद्वार में होने वाला कैंसर है. हालांकि कोलोरेक्टल कैंसर को बढ़ने में काफी समय लगता है. इसलिए अगर शुरुआती दौर में पता चल जाए तो इसका इलाज किया जा सकता है।

सामने आए आंकड़े

चीन के झेजियांग विश्वविद्यालय चिकित्सा स्कूल के शोधकर्ता ने यूके बायो बैंक के सहयोग से ये शोध किया. इसमें तकरीबन 1 लाख 18 हजार से ज्यादा लोगों को शामिल किया गया. शोध में रोजाना सेवन किये जाने वाले 139 खाद्य पदार्थों और उनमें मौजूद पोषक तत्वों की जांच की गई. इनमें पाया गया कि जिन लोगों ने सफेद ब्रेड और अल्कोहल का सेवन नियमित रूप से किया उनमें 13 साल में लगभग 1,466 कोलोरेक्टल कैंसर के मामले पाए गए. यह अध्ययन न्यूट्रिएंट्स जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

इन लोगों में दिखी ज्यादा प्रॉब्लम

अध्ययन में पाया गया कि व्हाइट ब्रेड में कार्सिनोजेन कंपाउड पाया जाता है. जब यह अध्ययन 1.18 लाख लोगों पर किया गया तो देखा गया कि जिन लोगों ने व्हाइट ब्रेड और अल्कोहल का सेवन ज्यादा किया उनमें कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा ज्यादा था. हालांकि यह उन लोगों में ज्यादा था जिन्हें पहले से कुछ अन्य बीमारियों के भी शिकार थे. अध्ययन में कहा गया कि पर्याप्त मात्रा में फाइबर, कैल्शियम, फास्फोरस और मैग्नीशियम वाले फूड का सेवन कर कोलोरेक्टर होने के जोखिमों को कम किया जा सकता है।





# कहीं साइकोपैथ तो नहीं हैं आप? 2 उंगलियों की लंबाई से जानिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 मई : Psychopath Fingers Length Test: दुनियाभर में कई लोग मनोरोग से जूझ रहे हैं। मस्तिष्क में रासायनिक असंतुलन की वजह से मनोविकार पैदा होते हैं। हालांकि कई बार लोगों को खुद ही पता नहीं चल पाता कि वे कब इसके शिकार होकर साइकोपैथ बन चुके होते हैं। यही कारण है कि बहुत कम लोग डॉक्टर्स के पास कंसल्ट करने जाते हैं। दुनियाभर के रिसर्चर्स मनोरोग के कारणों पर काम कर रहे हैं। अब रिसर्चर्स ने एक ऐसा तरीका ईजाद किया है, जिससे चुटकियों में पता चल जाएगा कि कोई व्यक्ति साइकोपैथ है या नहीं। खास बात यह है कि इसे हाथ की उंगलियों से पहचाना जा सकता है।

अनामिका उंगली तर्जनी उंगली से ज्यादा बड़ी होने पर संभावना

क्यूबेक में सेंटर डी रेचेर्चे चार्ल्स-ले मोयने के शोधकर्ताओं ने चौंकाने वाला दावा किया है। रिसर्च में दावा किया गया है कि जिन लोगों की रिंग फिंगर यानी अनामिका उंगली, तर्जनी उंगली से ज्यादा बड़ी होती है, उनमें मनोरोगी प्रवृत्ति होने की संभावना ज्यादा होती है। स्टडी के लिए रिसर्चर्स ने 80 लोगों का विश्लेषण किया। उनके हाथों की उंगलियों का विश्लेषण करने से पता चला कि 44 प्रतिभागियों में एम्फ़ैटेमिन यूज डिसऑर्डर (AUD) और एंटी सोशल पर्सनैलिटी डिसऑर्डर (ASPD) था। जबकि 36 लोग स्वस्थ थे।




जर्नल ऑफ साइकाइट्रिक रिसर्च में सामने आया है कि इस तरह के व्यवहार वाले लोगों को सामाजिक रूप से समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोग समाज के लिए समस्याएं भी पैदा कर सकते हैं। वैज्ञानिकों ने ये भी कहा है कि इस तरह के व्यवहार बायोलॉजिकल हो सकते हैं। दुनियाभर के शोधकर्ताओं का मानना है कि मनोरोग में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। कहा ये भी जा रहा है कि दुनिया की 50 फीसदी आबादी में 75 साल की उम्र तक मानसिक विकार का जोखिम हो सकता है।

## मेडिकल कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच की

ऋषिकेश। लायंस क्लब ऋषिकेश ने गुरुवार को देहरादून मार्ग स्थित एक पेट्रोल पम्प में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया, जिसमें देहरादून मैक्स हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने जरूरतमंदों की निशुल्क जांच की। उन्हें निशुल्क दवा भी उपलब्ध करवाई गई। क्लब अध्यक्ष सुशील छाबड़ा ने बताया कि लायंस क्लब समाज के निरंतर उत्थान के लिए प्रयासरत है, जिसके तहत जरूरतमंदों के लिए एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य अथिति महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने विधिवत शुभारम्भ किया। शिविर में मैक्स हॉस्पिटल के डॉक्टरों में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनंदिता, न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. दृष्टि गुप्ता, जनरल फिजिशियन एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अर्चना ने अपनी सेवाएं देकर लगभग 100 जरूरतमंदों की जांच की। बताया कि जांच के दौरान रोगियों को निःशुल्क दवा वितरण के साथ परामर्श भी दिया गया। कहा कि क्लब आगे भी समाज के उत्थान के लिए इस प्रकार के आयोजन करता रहेगा। इस अवसर पर संयोजक आशीष अग्रवाल, अभिनव गोयल, धीरज मखीजा,पंकज चंदानी, संजीव गोयल, व्यापार मंडल सचिव प्रतीक कालिया, सुमित चोपड़ा, लवीश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, हिमांशु अरोड़ा, ऋषभ जैन, सचिन गुरेजा, अतुल सिंगल, कृष्ण अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## बालिकाओ ने आध्यात्मिक जागृति के बारे में जाना

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन आश्रम में रेस्क्यू फाउंडेशन की 100 से अधिक लड़कियों का तीन दिन का आध्यात्मिक रिट्रीट का गुरुवार को विधिवत समापन हो गया है। इस प्रशिक्षण में बालिकाओं को आध्यात्मिक जागृति के बारे में बताया गया। परमार्थ अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती ने रेस्क्यू फाउंडेशन की 100 बालिकायें को इन तीन दिनों में योग, ध्यान, प्राणायाम, हवन, सत्संग, व्यक्तित्व विकास, जिज्ञासाओं का समाधान, गंगा आरती आदि परमार्थ परिसर में होने वाली विभिन्न गतिविधियों से रूबरू करवाया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि वर्तमान समय में मानव तस्करी विश्व की प्रमुख समस्याओं में से एक है। तमाम कोशिशों के बावजूद इसे रोक पाना संभव नहीं हो पा रहा है और कोई भी राष्ट्र इस समस्या से अछूता नहीं है। गौरतलब है कि रेस्क्यू फाउंडेशन द्वारा रेस्क्यू की गयी लड़कियों के लिये विगत कई वर्षों से परमार्थ निकेतन में रिट्रीट का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। जहां उन्हें अपने घर की तरह रखा जाता है। विभिन्न गतिविधियों के द्वारा उनके मनोबल को बढ़ाने की कोशिश की जाती है तथा उनके मन में अपने ही प्रति जो हीन भावना और अपमान की भावना है। उससे उपर उठने के लिये अनेक आध्यात्मिक गतिविधियों के माध्यम से उन्हें सिखाया जाता है।

# पीठ के दर्द से उठना-बैठना हो गया है मुश्किल, तो इन तरीकों से पाएं आराम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 मई : हमारी लाइफस्टाइल में इतने बदलाव हो चुके हैं कि उनका प्रभाव हमारी सेहत पर भी नजर आता है। लंबे समय तक बैठे रहना, फिजिकल एक्टिविटी कम करना, खराब डाइट, जैसे कई कारण हैं, जिनकी वजह से हमें सेहत से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं परेशानियों में एक समस्या है पीठ का दर्द। पीठ दर्द की समस्या अब न केवल बुजुर्गों में बल्कि, युवाओं में भी काफी देखने को मिलती है। आपको बता दें कि आपकी रोज की एक्टिविटीज की वजह से भी पीठ का दर्द हो सकता है। गलत तरीके से बैठने की वजह से, गलत तरीके से एक्सरसाइज करने से, चोट या मांसपेशियों में खिंचाव की वजह से भी पीठ में दर्द हो सकता है। इसलिए अगर आप भी पीठ दर्द से परेशान हैं, तो आपको जरूर जानना चाहिए, कि ऐसा क्यों होता है और कैसे इससे आराम मिल सकता है। आइए जानें।



Back Pain की सबसे आम वजह है, गलत पोस्चर में बैठना या सोना। गलत तरीके से बैठने की वजह से कई लोग आसानी से पीठ दर्द का शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा, मोच आना, भारी सामान उठाना, स्ट्रेस या हर्नियेटेड डिस्क जैसी चोट के कारण भी पीठ में दर्द हो सकता है। इतना ही नहीं, कुछ मेडिकल कंडिशन्स की वजह से भी पीठ में दर्द हो सकता है। इन्फेक्शन, किडनी स्टोन, साइटिका, गठिया और डिजेनेरेटिव डिस्क डिजीज जैसे मामलों में भी पीठ में दर्द हो सकता है, खासकर पीठ के नीचले भाग में। इसलिए, अगर आपका पीठ का दर्द लंबे समय से ठीक नहीं हो रहा है, तो डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है।

एक्सरसाइज करें- एक्सरसाइज करने से आपकी हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत बनते हैं। इसलिए रोज कम से कम 30 मिनट हल्की से मॉडिरेट एक्सरसाइज करने से पीठ दर्द से बचाव होता है और इससे राहत भी मिलती है। एक्सरसाइज करने से शरीर लचीला बनता है और मांसपेशियों का तनाव कम होता है। इसके लिए वॉक करना, योग, स्ट्रेचिंग काफी मददगार हो सकते हैं। हालांकि, अगर आपकी पीठ में दर्द है, तो अपने फीटनेस ट्रेनर की निगरानी में एक्सरसाइज करें।बॉडी पोश्चर सुधारें- खराब पोश्चर की वजह से पीठ का दर्द हो सकता है। इसलिए बैठते, उठते, सोते और खड़े होते समय सही पोश्चर बनाएं। इससे पीठ में दर्द होने की संभावना कम होती है और पीठ दर्द की समस्या भी कम होती है। इसके लिए सीधी पीठ में बैठना, कंधों को सीधा रखना, सहीऔर आरामदायक कुर्सी का इस्तेमाल करने से पोश्चर को सही बनाए रखने में मदद मिलती है। साथ ही, भारी सामान उठाते समय भी सही तकनीक का इस्तेमाल करें और जरूरत पड़े तो मदद लें। इससे पीठ पर जोर कम पड़ेगा और दर्द नहीं होगा और अगर दर्द है, तो ज्यादा बढ़ेगा नहीं।गर्म-ठंडी थेरेपी अपनाएं- पीठ की सूजन कम करने के लिए बर्फ का इस्तेमाल कर सकते हैं।

इसके अलावा, मांसपेशियों के दर्द को कम करने के लिए गर्म पानी से सिकाई भी कर सकते हैं। इसके अलावा, गर्म पानी से नहाने से भी मांसपेशियों को रिलैक्स करने में मदद मिलती है।डॉक्टर की मदद लें- अगर आपकी पीठ में काफी लंबे समय से दर्द हो रहा है और एक्सरसाइज आदि से भी ठीक नहीं हो रहा, तो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए, ताकि पीठ दर्द का कारण पता चल सके और समय से इलाज हो सके।


# रुड़की : लाइक और शेयर के चक्कर में युवती की मौत, रेलवे ट्रैक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुड़की 03 मई : युवा पीढ़ी में बढ़ते रील के पागलपन के कारण एक युवती की जीवनलीला समाप्त कर दी। पुलिस को जानकारी मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आजकल के युवाओं में रील का शौक बहुत जोरों पर चल रहा है और ये शौक खतरनाक होता जा रहा है। ताजा मामला रुड़की से सामने आया है। यहां पर रेलवे ट्रैक पर रील बनाते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

युवती की सहेली ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है। गंगनहर कोतवाली पुलिस के अनुसार वैशाली उम्र 20 वर्ष निवासी हरिपुर टोंगिया बुग्गावाला (रुड़की) में अपने मां नरेश के घर शिवपुरम में रहती थी। बीती शाम लगभग छह बजे वह अपनी सहेली के साथ शिवपुरम कॉलोनी के पास रहीमपुर रेलवे फाटक घूमने गई थी इस दौरान दोनों सहेलियां मोबाइल से रेलवे पटरी के किनारे खड़े होकर रील बनाने लगीं। तभी अचानक हरिद्वार से सहारनपुर की तरफ एक ट्रेन जा रही थी, उसकी चपेट में वैशाली आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। फिर सहेली ने परिवार को बताया और जिसके बाद सभी पुलिस के साथ घटनास्थल पहुंचे। कोतवाली प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि हादसा मोबाइल पर रील बनाते समय हुआ है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। "कृपया सावधानी से होश में रहकर डिजिटल वाहवाही बटोरने के लिए,पहले अपने आस-पास के वातावरण से भी सचेत रहें"





## गंगा सभा ऋषिकेश के अध्यक्ष बने जगमोहन सकलानी

ऋषिकेश। श्री गंगा सभा ऋषिकेश के द्विवार्षिक चुनाव गुरुवार को ऋषिकेश स्थित गंगा सभा कार्यालय में हुआ। इसमें जगमोहन सकलानी को अध्यक्ष और राहुल शर्मा को सचिव चुना गया है। नई टीम ने त्रिवेणीघाट के सौंदर्यीकरण के साथ घाट से अतिक्रमण हटाने का भरोसा दिया है।श्रीगंगा सभा ऋषिकेश का द्विवार्षिक चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ, जिसमें जगमोहन सकलानी को अध्यक्ष और राहुल शर्मा को सचिव चुना गया है। वंही उपाध्यक्ष पद पर रामकृपाल गौतम, नरेश चौहान, प्रेम चंदानी, सुरेंद्र पंत और मंत्री पद पर राजकुमार राजपाल, विनोद पाल, मदन शर्मा चुने गये। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर रमन शर्मा, सांस्कृतिक सचिव शोभा शर्मा, विधिक सलाहकार राकेश सिंह एडवोकेट को बनाया गया। संरक्षक मंडल में श्रीभरत मंदिर के महंत वत्सल प्रपन्नाचार्य महाराज, ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज, महंत रामेश्वर दास महाराज, महंत हरिगिरभाचार्य महाराज को रखा गया है। समाजसेवी जगमोहन सकलानी ने कहा कि मां गंगा की आरती त्रिवेणी घाट पर और भव्य बनाने के लिए सौंदर्यकरण और अतिक्रमण मुक्त करने के लिए समस्त कार्यकारिणी के साथ मिलकर उनके द्वारा प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर चंद्रशेखर शर्मा, कमल शर्मा, राजेश नौटियाल, मनोज कुमार, सुभाष चंद्र बैरागी, बृजेश शर्मा, विनोद पाल, मदन शर्मा, यश अरोरा, सुरेंद्र राणा, विनोद नौटियाल, विजेंद्र शर्मा, गौरव कलरा, शिवेंद्र ध्यानी, सुदेश शर्मा, जतिन भटनागर, ओमप्रकाश छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

## यूके हाईस्कूल में मदर मेरेकिल का बेहतर प्रदर्शन

ऋषिकेश। मदर मिरेकल हाईस्कूल में 10वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इसमें विद्यालय के छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। गुरुवार को शीशमझाड़ी स्थित मदर मिरेकल विद्यालय की संस्थापिका शाला इत्तेफाग ने बताया कि हाई स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा अन्वेशिका रतूड़ी ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान एवं उत्तराखंड में 15वां स्थान हासिल किया। वहीं, कक्षा 10 की छात्रा संस्कृति चमोली ने 94 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में दूसरा स्थान पाया है। बताया कि मदर मिरेकल हाई स्कूल के अधिकतर छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के होनहार छात्रों ने इसका श्रेय विद्यालय की संस्थापिका शाला इत्तेफाग को दिया है, छात्रों ने बताया कि विद्यालय की संस्थापिका ने अपना संपूर्ण जीवन निर्धन बच्चों को शिक्षित करने में लगाया है, जबकि इस सफलता में मदर मिरेकल ट्रस्ट के अध्यक्ष विशाल बिंदल एवं विद्यालय की प्रबंध निर्देशिका दीप्ति बिंदल के सही मार्गदर्शन एवं सहयोग भी रहा है।

# बेहद गरीब दिखने वाले ये हैं महाराणा प्रताप के वंशज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 मई : अधिकांश लोगों ने सड़कों के किनारे लोहे के बर्तन और घरेलू इस्तेमाल वाले औजार बेचते हुए परिवार को देखा होगा. ये लोग कुछ-कुछ दिनों के लिए अस्थायी तौर पर घर बनाकर रहते हैं और लोहे के सामान बनाते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि बेहद गरीब दिखने वाले ये लोग महाराणा प्रताप से जुड़े हुए लोग हैं. आज हम आपको बताएंगे कि ये कौन लोग हैं और इनका महाराणा प्रताप से क्या संबंध है.

गाड़िया लोहार समाज

गाड़िया लोहार समुदाय को गाडुलिया लोहार या सिर्फ लोहार भी कहा जाता है. गाड़िया लोहार राजस्थान और उत्तर प्रदेश का खानाबदोश समुदाय है. इसके अलावा ये ये मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र में भी मौजूद हैं. ये समुदाय खासकर लोहे के बर्तन और घरों में इस्तेमाल होने वाले औजार बनाकर गुजर-बसर करते हैं.

समुदाय का नाम 'गाड़िया लोहार' कैसे पड़ा

यूनेस्को कूरियर में अक्टूबर 1984 में लेखक कोबास पुएंते ने एक लेख लिया है, जिसका टाइटल 'गडुलिया लोहारः भारत के घुमंतू लोहार' है. इस लेख में बताया गया है कि इस समुदाय के लोग अपने परिवार के साथ बैलगाड़ी पर एक जगह से दूसरी जगह तक जाते हैं. इसे हिंदी में गाड़ी कहा जाता है. इसलिए इनका नाम 'गाड़िया लोहार' पड़ा है. लेख में लिखा है कि गाड़िया लोहार समुदाय के पूर्वज मेवाड़ की सेना में लोहार थे. वे मेवाड़ के महाराणा प्रताप के वंशज होने का दावा भी करते हैं. बता दें कि जब मेवाड़ पर मुगलों ने कब्जा कर लिया था, तो महाराणा प्रताप जंगल की ओर चले गए थे.

महाराणा को क्या दी कसम ?

'गाड़िया लोहार' समुदाय के पूर्वजों ने परिवार के साथ जंगल में भटक रहे महाराणा प्रताप को कसम दी थी कि जब तक वह चित्तौड़गढ़ पर वापस जीत हासिल नहीं कर लेते हैं, तब तक वे कभी भी अपनी मातृभूमि नहीं लौटेंगे. इस समुदाय के लोगों ने प्रतिज्ञा दी कि उनके चित्तौड़गढ़ लौटने तक उनका परिवार कभी भी एक छत के नीचे नहीं रहेगा. हालांकि दुर्भाग्य से महाराणा प्रताप कभी चित्तौड़ नहीं जीत पाए थे. इसलिए लोहार समुदाय आज भी महाराणा को दी अपनी प्रतिज्ञा पर कायम हैं. यहीं कारण है कि ये समुदाय कहीं अपना घर बनाकर बसता नहीं है.

महाराणा प्रताप के लिए बनाते थे हथियार


जानकारी के मुताबिक गाड़िया लोहार समुदाय के पूर्वज महाराणा प्रताप की सेना में शामिल थे. वे उनकी सेना के लिए घातक हथियार बनाते थे. इस समुदाय ने महाराणा प्रताप के किला छोड़ने के बाद ही चित्तौड़गढ़ छोड़ दिया था. तब से देश के अलग-अलग हिस्सों में भटक रहे हैं. इस समुदाय को कोई सरकारी सुविधा नहीं मिल पाती है. क्योंकि भटकने के कारण इनके पास कोई खास जरूरी कागजात भी नहीं हैं. इतना ही नहीं इनके बच्चे स्कूल में पढ़ भी नहीं पाते हैं. हालांकि कुछ सक्रिय एनजीओ इनकी मदद कर रहे हैं.



# गलती की तो उम्र से पहले बूढ़ा बना देंगी ये आदतें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 मई : हमारी आदतें हमें और भी बेहतर बनाने में मदद करती हैं। अगर आज से कुछ दिनों तक आप कोई काम लगातार करते हैं, तो वो आपकी आदत बन जाता है। अब यह हम पर निर्भर करता है कि हम किस तरह की आदतें अपनाते हैं। वहीं खराब आदतें हमें शारीरिक और मानसिक रूप से नुकसान भी करती हैं। जैसे कि अगर आपको देर से खाना खाने की आदत है, तो इससे आपको पाचन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसी तरह हमारी लाइफस्टाइल की कुछ आदतें ऐसी होती हैं, जो हमें समय से पहले बूढ़ा बना देती हैं। ऐसे में अगर इन पर समय रहते ध्यान न दिया जाए, तो यह हमें शारीरिक रूप से भी कमजोर बना देती हैं।



फैट्स अवॉइड करना- Avoid Fats

अगर आप वजन बढ़ने के डर से डाइट में फैट्स अवॉइड करते हैं, तो इससे आपकी त्वचा पर झुर्रियां नजर आ सकती हैं। दरअसल, हेल्दी फैट्स जैसे कि ओमेगा-3 फैटी एसिड लेने से हमारी त्वचा और बालों को पोषण मिलता है। इससे हमारी त्वचा और बाल हेल्दी और हाइड्रेट रहते हैं।

ज्यादा देर तक बैठे रहना- Sitting More Than 30 Minutes

अगर आप लगातार 30 मिनट से ज्यादा समय तक बैठते हैं, तो इससे आपका शरीर कमजोर हो सकता है। इसके कारण आपका मेटाबॉलिज्म कम होता है। इसके साथ ही आपका शरीर की एनर्जी बनाने की पावर भी कम होती है।

नाश्ते में बहुत ज्यादा फल खाना- Consume Excessive Fruits In Breakfast

कई लोग अपने नाश्ते में केवल फल खाना पसंद करते हैं। लेकिन ज्यादा फलों का सेवन करने से भी आपको कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इसके कारण शरीर में फ्रुक्टोज बढ़ जाता है, जिससे ब्लड शुगर भी असंतुलित होने लगता है। इसके कारण आपको पाचन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

सनस्क्रीन अवॉइड करना- Avoid Sunscreen

सनस्क्रीन न सिर्फ त्वचा को यूवी रेज से बचाती है, बल्कि हेल्दी और ग्लोइंग भी बनाए रखती है। सनस्क्रीन अवॉइड करने से स्किन पर फाइन लाइंस और झुर्रियों भी जल्द नजर आ सकती हैं। इसलिए सही एसपीएफ वाली सनस्क्रीन जरूर इस्तेमाल करें।

इन बातों का रखें खास ध्यान

डिहाइड्रेशन के कारण भी त्वचा पर उम्र के लक्षण नजर आ सकते हैं। इसलिए दिनभर में तीन लीटर पानी का सेवन जरूर करें।

थोड़ी देर एक्सरसाइज या वॉक करने की आदत जरूर बनाएं। इससे आपकी बॉडी और ब्रेन दोनों एक्टिव रहेंगे

अपनी डाइट में प्रोटीन और विटामिन-सी ज्यादा लें। विटामिन-सी से आपकी स्किन हेल्दी और प्रोटीन से शरीर तंदुरुस्त बना रहेगा।

## मतदाता सूची में नए नाम को लेकर एक सप्ताह लगेगा शिविर

हरिद्वार। नगर निकाय चुनाव में नए नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए एक सप्ताह तक शिविर लगेगा। डीएम ने गुरुवार को बताया कि शिविर लगाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। शिविर में लोग मतदाता सूची में दर्ज करा सकेंगे। डीएम धीराज सिंह गब्र्याल ने अधीनस्थों से शिविर को लेकर लापरवाही नहीं बतरने की चेतावनी दी है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची को अपडेट करने की कवायद शुरू कर दी गई है।

## वरिष्ठ नागरिकों ने की बिजली की बढ़ाई गई दरों को वापस लने की मांग

हरिद्वार। वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन ने गुरुवार को बिजली पानी की दरों में वृद्धि पर रोष जताया। संगठन ने सरकार से बढ़ाई गई दरें वापस लेने की मांग की। ज्वालापुर इंटर कालेज प्रांगण में बैठक में संगठन के अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए मतदान खत्म होते ही प्रदेश सरकार ने बिजली की दरों में बढ़ोतरी कर दी है। इसी प्रकार जल मूल्य में 9 से 11 प्रतिशत की दर से वार्षिक बढ़ोतरी की जा रही है। बिजली, पानी की दरों में बढ़ोतरी सरकार का जन विरोधी निर्णय है।

## संपादकीय

# स्कूलों को मौत की धमकी

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली-नोएडा के 222 स्कूलों को बम से उड़ा देने की धमकी ने एकबारगी तो सभी को कंपा दिया। हडकंप मच गया। लाखों लोग सन्नाटे में आ गए। अभिभावक घर से भागे, दफ्तर का काम छोड़ा और स्कूलों की तरफ बदहवास दौड़े, ताकि अपने बच्चों को सकुशल घर वापस ला सकें। सडकों पर सायरन बज रहे थे। फायर ब्रिगेड की गाडियां भी भाग रही थीं। दिल्ली पुलिस के बम निरोधक दस्तों, श्वान दस्तों और अन्य जांच इकाइयों ने अपने-अपने मोर्चे संभाल लिए थे। दिन की शुरुआत किसी बड़े हादसे की संभावनाओं के साथ हुई थी। जिस ई-मेल आईडी-स्वारीम एट मेल डॉट आरयू- से स्कूलों को धमकी भेजी गई थी, उसकी शब्दावली आतंकी संगठन आईएसआईएस की भाषा से मिलती थी। ये शब्द अरबी भाषा के हैं, जिन्हें आईएस के आतंकी इस्तेमाल करते रहे हैं। रूसी डोमेन से मेल की गई थी। पुलिस का मानना है कि संभव है कि इसके लिए 'डार्कनेट' या 'प्रॉक्सी सर्वर' का प्रयोग किया गया हो! पुलिस की आतंकवाद विरोधी ईकाई, स्पेशल सेल भी जांच में जुड़ी है। साजिशकार कहीं बैठकर भी ये मेल भेज सकते थे। रूस में होना जरूरी नहीं है। रूस भारत के खिलाफ किसी 'हत्यारी साजिश' में शामिल क्यों होगा? क्या यह किसी आतंकी हमले का पूर्वाभ्यास भी हो सकता है? राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और नोएडा के अलावा बेंगलुरु, कोलकाता और चेन्नई सरीखे महानगरों के स्कूलों में भी ऐसी फर्जी और अफवाह वाली मेल भेजी जा चुकी हैं। क्या आतंकी ताकतें हमारी व्यवस्था को सचेत कर, अंततः लापरवाह कर देना चाहती हैं, ताकि असल हमला किया जा सके। बेशक 8 घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस और गृह मंत्रालय इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि सब कुछ फर्जी था, अफवाह थी, लेकिन 2 लाख से अधिक स्कूली बच्चों की सुरक्षा दांव पर है। दिल्ली में आतंकी हमले होते रहे हैं, बेशक मोदी सरकार में वे नगण्य हो गए हैं। ऐसी अफवाहें भी 'साइबर अपराध' का हिस्सा हैं, जिसके खिलाफ कार्रवाई के लिए सीमापार पुलिस को भी सक्रिय होने की जरूरत है। दिल्ली-एनसीआर में जो कुछ भी हुआ है, वह धडकनें रोक देने वाला प्रकरण है। एक तरफ मौत की धमकी थी, तो दूसरी ओर गृह मंत्रालय और पुलिस दहशत में न आने की बात कह रहे थे। शुक्र है कि मेल फर्जी, अफवाहपूर्ण साबित हुई, लेकिन बड़ी त्रासदी भी हो सकती थी। इन स्कूलों में 2 लाख से अधिक बच्चे पढ़ते हैं, अध्यापक और कर्मचारी भी हैं। यदि वाकई बम रखे होते और वे विस्फोट कर जाते, तो कल्पना करते हुए भी मन सिहरने लगता है! पाकिस्तान में फर्जी सिलसिलों के बाद अचानक पेशावर के स्कूल पर आतंकी हमला किया गया था, जिसमें करीब 140 मासूम छात्र मारे गए थे। पाकिस्तान को तो हम आतंकवाद की पनाहगाह मान सकते हैं, लिहाजा ऐसे हमले की कल्पना भी कर सकते हैं, लेकिन हमारे कोलकाता के करीब 200 सरकारी और निजी स्कूलों को इसी अप्रैल में ही, ई-मेल के जरिए, बम-विस्फोट की धमकी दी गई थी। 1 दिसंबर, 2023 को बेंगलुरु के 48 स्कूलों में बम की अफवाह फैलाई गई थी।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## अपनी ऊर्जा को समेटकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट जायें युवा : प्रो. बत्रा

हरिद्वार। एसएसएमजेएन पीजी कॉलेज में गुरुवार को आयोजित करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में में छात्रों को स्नातक के बाद रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि आगामी वर्ष में बड़ी संख्या में सरकारी और गैर सरकारी सेवाओं में भर्तियां होनी हैं। उन्होंने इरक्षा, रेलवे भर्ती बोर्ड, एस.एस.सी., बैंक और प्रबन्धन सेवाओं में भर्तियों के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। कहा कि युवा अपनी ऊर्जा समेटकर इसी वर्ष में किसी एक प्रतियोगी परीक्षा का लक्ष्य रखकर अपने और अपने समाज की उन्नति का आधार रखेंगे।

## मुंशी घाटी-धोइरा-देऊ और कोटी-डिमऊ-डांडा मोटर मार्ग की हालत जल्द सुधरने की उम्मीद जगी

विकासनगर। जौनसार के मुंशी घाटी-धोइरा-देऊ मोटर मार्ग और कोटी-डिमऊ-डांडा मोटर मार्ग की हालत जल्द सुधरने की उम्मीद जगी है। गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता ने पीएमजीएसवाई अधिकारियों के साथ दोनों मार्गों के सुधारीकरण कार्य से पहले इनका भौतिक निरीक्षण किया। 19 किमी लंबे कोटी-डिमऊ-डांडा मोटर मार्ग का सुधारीकरण 17 करोड़ से किया जाना है, जबकि छह किमी लंबे मुंशी घाटी-धोइरा-देऊ मोटर मार्ग की साढ़े चार लाख रुपये से मरम्मत की जाएगी। इन दोनों मार्गों से जौनसार के सौ से अधिक गांव जुड़े हुए हैं। बीते दो दशक से मार्गों का सुधारीकरण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता है।

अंधेरे में इन मार्गों पर वाहनों की आवाजाही नहीं होती है। इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ता है। दरअसल, किसान अपनी नगदी फसलों को मंडी तक पहुंचाने के लिए रात दो बजे से ही वाहनों से निकल पड़ते हैं, जिससे समय पर मंडी पहुंचा जा सके। लेकिन मार्ग उबड़ खाबड़ होने के कारण करीब सौ गांवों के किसान सुबह उजाला होने के बाद ही फसलों से भरे वाहनों को लेकर निकलते हैं। इससे उन्हें विकासनगर मंडी तक पहुंचने में अधिक समय लगता है, तब तक अधिकांश नगदी फसलें मंडी में बिक चुकी होती हैं। ऐसे में इन किसानों को औने पौने दामों में अपनी फसलें बेचनी पड़ती हैं। अब दोनों ही मार्गों के सुधारीकरण के लिए पहले चरण का कार्य शुरू होने से स्थानीय किसानों को भी समय पर मंडी तक पहुंचने की उम्मीद जगी है।

## संक्षिप्त खबरें

### चारधाम यात्रा से पहले हरिद्वार में हटेगा अतिक्रमण

हरिद्वार। शहर में लगने वाले जाम से निजात के लिए चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। गुरुवार को रेलवे स्टेशन, शिवमूर्ति, बस अड्डा, ललतारौ पुल समेत अन्य क्षेत्रों में मुनादी कराई गई। ज्वालापुर और कनखल क्षेत्र में भी मुनादी कराई जा रही है। नगर निगम सोमवार से अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू कर सकता है। शहर को अतिक्रमण मुक्त करने की मुहिम शुरू की जा रही है। इसके लिए अभियान चलाया जाएगा। नगर आयुक्त वरुण चौधरी ने आम जनमानस से अपील की है, अपना अतिक्रम खुद हटा लें नहीं तो हम जब्त करेंगे। शहर के प्रमुख मार्गों पर लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है। आज ऐसा कोई चौराहा नहीं जो अतिक्रमण की चपेट में न हो। उसे हटाने के लिए अब नगर आयुक्त ने एक विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है, इसके तहत सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे।

### नमः आंखों के साथ शहीद को दी अंतिम विदाई

हरिद्वार। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी गुरुवार को हरिद्वार पहुंचकर लेह में तैनात देहरादून भानियावाला निवासी शहीद मेजर प्रणय नेगी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। राजकीय सम्मान के साथ शहीद प्रणय नेगी को अंतिम विदाई दी गई। उन्होंने अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर परिवारजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मालूम हो कि 37 वर्षीय मेजर प्रणय नेगी जम्मू कश्मीर के लेह में तैनात थे। बीते सोमवार की रात्रि में अपनी पोस्ट पर तैनाती के दौरान मेजर प्रणय नेगी के स्वास्थ्य बिगडऩे के बाद उनका निधन हो गया था।

### परमात्मा से आत्मा का मिलन ही है राजयोगः बीके शिवानी

हरिद्वार। आध्यात्मिक संस्था प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश?वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक वक्ता राजयोगिनी बीके शिवानी ने कहा कि आज हम साधनों और परिस्थितियों के गुलाम हो गए हैं। हम इनकी गुलामी से मुक्ति पाकर ही स्वराज यानी आत्मनिर्भर भारत बना सकते हैं। हरिद्वार में प्रेम नगर आश्रम के सभागार में गुरुवार को आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने यह बातें कही। कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश?वविद्यालय सेवा केंद्र की ओर से किया गया था। शिवानी ने संतों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। हरिद्वार के सेवा केंद्र की प्रभारी मीना दीदी ने पुष्प कुछ भेंट कर उनका स्वागत किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक मदन कौशिक, कार्यक्रम के संयोजक ज्ञानेश अग्रवाल, जगदीश लाल पाहवा, ब्रह्म कुमार सुशील भाई, डॉ. विशाल गर्ग, समाजसेविका मनु शिवपुरी ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर बीके शिवानी का अभिनंदन किया।

### वीडियो कॉल पर तीन बार तलाक बोलकर दिया तलाक

हरिद्वार। तीन बार तलाक बोलकर महिला को तलाक देकर घर से निकालने के मामले में कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में शबनम पुत्री स्वर्गीय जमशेद निवासी मोहल्ला हज्जाबान ने बताया कि उसका निकाह 14 दिसंबर 2022 को मोहम्मद वसीम निवासी मोहल्ला लद्दावाला निकट बिलाल मस्जिद जिला मुजफ्फरनगर के साथ हुआ था। परिजन ने दहेज में जेवरात नगदी दी थी। आरोप है कि निकाह के बाद से ही पति वसीम, सास शादमानी उर्फ कल्लो, ससुर इसराईल, ननद सलमा उर्फ सीमा और शाहीन ने दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीडऩ शुरू कर दिया था।

### कार जला देने के मामले में आरोपी पर मुकदमा

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार क्षेत्र में यूकेडी नेता सुमित अरोड़ा की कार में आग लाने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। दो दिन पूर्व क्षेत्र की सत्यम विहार कालोनी निवासी यूकेडी नेता सुमित अरोड़ा की घर के बाहर खड़ी कार में आग लगा दी गई थी। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में पूरा घटनाक्रम कैद हुआ था। सामने आया था कि यूकेडी नेता से विवाद के चलते राहुल बर्मन ने वारदात को अंजाम दिया है। अग्निकांड में कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर राहुल बर्मन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# चारधाम यात्रा के शुरुआती 15 दिन वी आईपी दर्शन पर रोक, क्यों - जानिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,3,मईचारधाम यात्राः केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम के कपाट 10 मई से खुलने जा रहे हैं जबकि बद्री नाथ धाम के कपाट 12 मई से खुल जाएंगे। यात्रा रजिस्ट्रेशन साइट वेब पोर्टल पर लगातार पंजीकरण बढ़ते जा रहे हैं जिसको देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आम यात्रियों की सहूलियत के लिए यात्रा के शुरुआती 15 दिनों के लिए वी आई पी दर्शन पर रोक के निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री धामी के इस अनुमोदन को आगे बढ़ाते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर 25 मई तक चारधाम यात्रा में वीआईपी लोगों के न आने की अपील की है,ऐसा करने का मुख्य कारण आम यात्रियों की सहूलियतों पर प्रशासन का ध्यान देने की प्राथमिकता के चलते है।

मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों के बारे में गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने पत्रकारों को बताया कि मुख्य सचिव की ओर से अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र भेजा गया है और इस पत्र में यात्रा के शुरुआती 15 दिनों में वी आई पी दर्शन को टालने की बात कही गई है, उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा यात्री केदारनाथ धाम में दर्शन के लिए आते हैं ऐसा करना इसलिए भी उचित है ताकि आम श्रद्धालुओं को यात्रा और दर्शन में किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े और साथ ही इस संबंध में हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार को भी सूचित किया जा रहा है।

चार धाम की यात्रा के लिए कराई जा रहे पंजीकरण की संख्या को देखें तो अभी तक 17 दिनों के अंदर रजिस्ट्रेशन कराने वालों का आंकड़ा 18 लाख से ज्यादा का हो गया है।

चारधाम वाहन मॉनिटरिंग एप

गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने बताया कि पहली बार चार धाम यात्रा के लिए वाहनों की मॉनिटरिंग का ऐप बनाया गया है केदारनाथ में कुल 9 पार्किंग बनाई गई हैं इसके साथ ही अगर सभी यात्रा धामों की बात की जाए तो 20 स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पांडेय ने कहा कि पार्किंग की नई व्यवस्था को देखते हुए लगभग 1500 वाहनों की पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई गई है।



## सुनार की दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

विकासनगर। सेलाकुई में बीते 24 अप्रैल को दीवार तोडकर सुनार की दुकान में हुई चोरी का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। सेलाकुई पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के कब्जे से चोरी के जेवर बरामद किए गए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष सेलाकुई शैंकी कुमार ने बताया कि 25 अप्रैल को यश पासी पुत्र रमेश पासी निवासी एटन बाग थाना विकासनगर ने थाना सेलाकुई में तहरीर दी थी। बताया कि चोरों ने उनकी दुकान की दीवार तोडक़र चांदी और आर्टिफिशल जेवर चोरी कर लिए। तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की गई। इसके लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला गया। स्थानीय मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी राजा भैया निवासी मुन्ना पुरवा थाना मझगाई जिला खीरी उत्तर प्रदेश को धूलकोट के जंगल से चोरी की गई ज्वेलरी के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

## प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने के अभिभावकों को जागरूक करें : बीईओ

विकासनगर। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए खंड शिक्षाधिकारी ने गुरुवार को सभी संकुल प्रभारियों की बैठक ली। इसके साथ ही उन्होंने पोर्टल संबंधी सभी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय में बैठक लेते हुए बीईओ विनीता नेगी कठैत ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाना प्राथमिकता है। इसके लिए विद्यालयों के सेवित क्षेत्रों में शिक्षकों को जाकर सरकारी शिक्षा व्यवस्था की खूबियों को बताना होगा। एसएमसी की बैठकों के दौरान लोगों को शामिल किया जाना चाहिए। छात्र संख्या शून्य होने से बंद पड़े विद्यालयों को दोबारा संचालित करने के लिए संबंधित क्षेत्र की जनता और जन प्रतिनिधियों से मिलकर बच्चों को सरकारी स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए जागरूक करना भी शिक्षक का दायित्व है। उन्होंने संकुल प्रभारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से संवाद बनाए रखते पोर्टल संबंधी सभी कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए सहयोग दें। ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने में जिन विद्यालयों में समस्या आ रही है, उन्हें जल्द दूर किया जाना जरूरी है। उन्होंने प्रथम मासिक परीक्षा के लिए मिशन कोशिश के तहत तैयार पाठ्यक्रम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान सरदार हरजिंदर सिंह, मनोज राठौर, विकास रोहिला, दिग्विजय सिंह बेधडक़, नरेश चौधरी, अजय तिवारी, मुज्जमिल हयात आदि मौजूद रहे।

## खेती को बचाने के लिए लगाए तारबाड़ तोडने के मामले में मुकदमा दर्ज

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाहपुर कल्याणपुर में कृषि भूमि पर फसलों की सुरक्षा के लिए की गई तारबाड़ और सीमेंट के पिलरों की तोड़-फोड़ करने के मामले में पुलिस ने छह नामजद सहित ग्यारह महिलाओं और बच्चों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कृषि भूमि को जंगली जानवरों से बचाने के लिए भूपेंद्र सिंह पुत्र ओमप्रकाश निवासी धौलास प्रेमनकर ने शाहपुर कल्याणपुर में तारबाड़ कर सीमेंट के पीलर लगाए थे। जिन्हें लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर गई कुछ महिलाओं ने तोड़ डाला। इस ममले में भूपेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपी सुखविंदर कौर पत्नी नरेश कुमार, रिंकी देवी पत्नी राजेश, मीनू देवी पत्नी प्रेमचंद, निर्मला पुत्री नाथीराम, अंजू पुत्र नरेश कुमार, सक्के पुत्री नरेश कुमार और पांच अन्य महिलाएं लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंचीं। यहां आरोपी महिलाओं ने जमकर बवाल काटा और एक राय होकर तारबाड़ और सीमेंट के लगाए गए पिलरों को तोड़ डाला। सहसपुर के प्रभारी निरीक्षक मुकेश त्यागी ने बताया कि आरोपी महिलाओं के खिलाफ बलवा, तोडफ़ोड़ और गाली-गलौज का मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया कि मामले की जांच चौकी प्रभारी धर्मवाला सतेंद्र भाटी को सौंपी गई है।

## अधिवक्ता की गिरफ्तारी पर बार एसोसिएशन ने उठाए सवाल

विकासनगर। नाबालिग का अपहरण कर शादी कराए जाने के मामले में अधिवक्ता की गिरफ्तारी को लेकर पछुवादून बार एसोसिएशन मुखर हो गई है। बार एसोसिएशन ने पुलिस पर बिना जांच पड़ताल किए अधिवक्ता के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को तहसील मुख्यालय स्थित बार भवन में मीडिया से रूबरू होते हुए एसोसिएशन के सचिव संजय गुप्ता ने कहा कि पूरे मामले में पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई की है। कहा कि जिस लडक़ी को नाबालिग बताया जा रहा है, उसके दस्तावेजों में उम्र 19 साल दर्ज है।

## प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने के अभिभावकों को जागरूक करें : बीईओ

विकासनगर। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए खंड शिक्षाधिकारी ने गुरुवार को सभी संकुल प्रभारियों की बैठक ली। इसके साथ ही उन्होंने पोर्टल संबंधी सभी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय में बैठक लेते हुए बीईओ विनीता नेगी कठैत ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाना प्राथमिकता है। इसके लिए विद्यालयों के सेवित क्षेत्रों में शिक्षकों को जाकर सरकारी शिक्षा व्यवस्था की खूबियों को बताना होगा। एसएमसी की बैठकों के दौरान लोगों को शामिल किया जाना चाहिए। छात्र संख्या शून्य होने से बंद पड़े विद्यालयों को दोबारा संचालित करने के लिए संबंधित क्षेत्र की जनता और जन प्रतिनिधियों से मिलकर बच्चों को सरकारी स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए जागरूक करना भी शिक्षक का दायित्व है। उन्होंने संकुल प्रभारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से संवाद बनाए रखते पोर्टल संबंधी सभी कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए सहयोग दें। ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने में जिन विद्यालयों में समस्या आ रही है, उन्हें जल्द दूर किया जाना जरूरी है। उन्होंने प्रथम मासिक परीक्षा के लिए मिशन कोशिश के तहत तैयार पाठ्यक्रम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

## गुलाब सिंह चुनाव प्रभारी और गंगाप्रसाद सहप्रभारी बने

ऋषिकेश। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी की कोर कमेटी ने निकाय चुनाव के मध्यनजर सांगठनिक जिला ऋषिकेश में गुलाब सिंह रावत को निकाय चुनाव प्रभारी और गंगाप्रसाद सेमल्टी को निकाय चुनाव सहप्रभारी नियुक्त किया है। प्रदेश महासचिव बलवीर सिंह नेगी ने बताया कि पार्टी पूरे प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुट चुकी है, जल्द ही जो निकाय छूटे हैं उनके भी प्रभारी नियुक्त कर दिए जाएंगे। जिला अध्यक्ष उपेंद्र सकलानी ने बताया कि संगठनात्मक जिला ऋषिकेश में हम अपनी जवाबदेही तय करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पन्त,जिला अध्यक्ष उपेंद्र सकलानी,महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष शैलवाला ममगाई की उपस्थिति में आयोजित बैठक में गुलाब सिंह रावत,गंगा प्रसाद सेमल्टी,मनोरमा चमोली,रजनी मिश्रा,भरत सिंह राणा,योगेश भट्ट सहित पार्टी जिला कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीपीएस फेरुपुर मजदूर दिवस मनाया गया

हरिद्वार। दिल्ली पब्लिक स्कूल फेरुपुर में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस उत्साह से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने गायत्री मंत्र, आशुभाषण, समाज में मजदूर के महत्व संबंधी कविता का पाठ किया। नन्हे बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया द्य प्रधानाचार्या शिवानी भास्कर ने प्रो. वीसी अशोक त्रिपाठी, प्रो. राजेंद्र अग्रवाल की उपस्थिति पर आभार जताया। कहा कि बिना मजदूरों के कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता।

### चारधाम यात्रा से पहले हरिद्वार में हटेगा अतिक्रमण

हरिद्वार। शहर में लगने वाले जाम से निजात के लिए चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। गुरुवार को रेलवे स्टेशन, शिवमूर्ति, बस अड्डा, ललतारौ पुल समेत अन्य क्षेत्रों में मुनादी कराई गई। ज्वालापुर और कनखल क्षेत्र में भी मुनादी कराई जा रही है। नगर निगम सोमवार से अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू कर सकता है। शहर को अतिक्रमण मुक्त करने की मुहिम शुरू की जा रही है। इसके लिए अभियान चलाया जाएगा। नगर आयुक्त वरुण चौधरी ने आम जनमानस से अपील की है, अपना अतिक्रम खुद हटा लें नहीं तो हम जब्त करेंगे। शहर के प्रमुख मार्गों पर लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है। आज ऐसा कोई चौराहा नहीं जो अतिक्रमण की चपेट में न हो। उसे हटाने के लिए अब नगर आयुक्त ने एक विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है, इसके तहत सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे।

### पथरी में टस्कर हाथी किसानों के लिए बना सरदर्द

हरिद्वार। हरिद्वार रेंज के पथरी जंगल में गुरुवार को भी टस्कर हाथी ने आतंक मचाया। पिछले एक सप्ताह से इलाके में हाथी खेतों की फसल और झोपडियों को नुकसान पहुंचा रहा है। हाथी की दहशत के चलते किसान खेतों में नहीं जा रहे हैं। किसानों ने वन प्रभाग से हाथी को जंगल में भगाने की मांग की है।श्यामपुर जंगलों से एक हाथी गंगा पार कर पथरी खेतों में फसलों को खाने आया था। हाथी रात के अंधेरे में वापस नहीं हो पाया और रास्ता भटक कर पथरी के जंगल में पहुंच गया। किसान मोहम्मद सलीम, जाकिर, ताहिर, निसार, मोहसिन, पाल सिंह, सुनील, बबलू ने बताया हाथी पिछले लगभग एक सप्ताह से पथरी जंगल में रुका हुआ है और दिन ढलते ही वह जंगल से निकलकर खेतों में आ रहा है।

### सत्र 2024-25 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 'समर्थ पोर्टल का शुभारम्भ

हरिद्वार। 2024-25 में स्नातक प्रथम सेमैस्टर में नई शिक्षा नीति-2020 के तहत 'समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन का शुभारम्भ कर दिया गया है। समस्त प्रवेश के इच्छुक छात्र छात्राएं समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद ही उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए अर्ह होंगे। यह जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने बताया कि एसएमजेएन कालेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर (बीए., बी. कॉम, बी एससी, पीसीएम, सीबीजेड, कम्प्यूटर साईस ग्रुप) में प्रवेश के इच्छुक प्रवेशार्थी समर्थ पोर्टल के लिंक पर दिनांक 31 मई, 2024 तक अपना प्रवेश पंजीयन कराना सुनिश्चित कर लें। प्रो. बत्रा ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत छात्र अपनी पसन्द के हिसाब से कोर्स / विषयों का चुनाव कर सकेगा।

### महिला के जेवरात चोरी कर बैंक में गिरवी रखकर लिया लोन

हरिद्वार। एक महिला के पड़ोस में रह रही महिला और उसके बेटे पर जेवरात चोरी कर बैंक में गिरवी रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। भूपतवाला की कैलाश गली निवासी सुरभि पत्नी मोहित बिश्नोई ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अगस्त 2023 में उसकी पड़ोसी मंजू गोस्वामी और उसके पुत्र उज्जवल गोस्वामी से उसकी नजदीकी बढ़ गई थी। नवंबर में उज्जवल गोस्वामी ने बैंक से लोन लेने के लिए उसके जेवरात बतौर गारंटी के तौर पर बैंक में गिरवी रखने को लिए थे। भरोसा दिलाया था कि एक माह के अंदर लोन पूरा कर उसके जेवरात उसे वापस लौटा दिए जाएंगे। आरोप है कि फरवरी में उसके जेवरात लौटा दिए गए लेकिन मा- बेटे ने मौका मिलने पर उसके घर से जेवरात चोरी कर लिए।